RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 22 जुलाई 2025 | वर्ष 07 | अंक 94 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

अवैध मेडिकल स्टोर पर एफडीए ने मारा छापा, 85,000 की दवाइयां जब्त




# मुंबई के पास दृश्यम स्टाइल में मर्डर,

## पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर की पति की हत्या... टाइलों के नीचे दफनाई लाश




**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया, जिसमें एक पत्नी ने अपने प्रेमी संग मिलकर पहले पति की हत्या की और फिर उसकी लाश को घर के अंदर ही टाइलों के नीचे दफना दिया। ये अपराध बॉलीवुड की ब्लॉकबस्टर फिल्म दृश्यम की याद दिलाता है, जिसमें अजय देवगन का किरदार एक लाश को पुलिस थाने में दफनाता है। मृतक की पहचान 35 साल के विजय चव्हाण के रूप में हुई है और वो पिछले 15 दिनों से लापता था और तलाश जारी थी। वह अपनी पत्नी कोमल चव्हाण के साथ मुंबई से लगभग 70 किमी. दूर नालासोपारा पूर्व के गडगापाड़ा में रहता था।

**कैसे हुआ मामले का खुलासा ?**

सोमवार की सुबह विजय का भाई उसकी तलाश में घर पहुंचा। उसने देखा कि घर में लगी कुछ टाइलें दूसरी टाइलों से मैच नहीं कर रही हैं। विजय के भाई को शक हुआ तो उसने उन टाइलों को हटाया, जो बाकी टाइलों से मैच नहीं कर रही थीं। उसने देखा कि नीचे एक बनियान दबी हुई थी और भयंकर बदबू आ रही थी। उसने तुरंत पुलिस को फोन किया। इसके बाद विजय के भाई का शक सच साबित हुआ और शव टाइल के नीचे दबा हुआ मिला। पुलिस को शक है विजय का मर्डर उसकी पत्नी कोमल ने किया है और वो दो दिनों से लापता है। पुलिस का मानना है कि कोमल ने अपने पड़ोसी मोनू के साथ मिलकर विजय की हत्या की है।

# मुख्यमंत्री फडणवीस का ऐलान...

## मुंबई लोकल ब्लास्ट के सभी 12 आरोपियों को बरी करने के हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी महाराष्ट्र सरकार,



**मुंबई:** महाराष्ट्र सरकार 2006 के मुंबई ट्रेन विस्फोट मामले में बड़ा कदम उठाने जा रही है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने इस मामले के सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया था। ऐसे में अब मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने कहा है कि सरकार इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील करेगी। इस फैसले में 180 से ज्यादा लोगों की जान चली गई थी। सरकार का मानना है कि पीड़ितों को न्याय मिलना चाहिए और दोषियों को सजा मिलनी चाहिए।

**बम धमाके में मारे गए थे 180 से अधिक लोग**

दरअसल महाराष्ट्र सरकार 11 जुलाई 2006 को मुंबई में हुए ट्रेन धमाकों के मामले को लेकर गंभीर है। 11 जुलाई को पश्चिमी लाइन पर अलग-अलग स्थानों पर मुंबई की कई लोकल ट्रेन में सिलसिलेवार तरीके से सात विस्फोट हुए थे। इनमें 180 से अधिक लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हुए थे। बॉम्बे हाईकोर्ट ने 19 साल बाद सोमवार को सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष मामले को साबित करने में पूरी तरह विफल रहा और यह विश्वास करना मुश्किल है कि उन्होंने अपराध किया है।

**फडणवीस ने कहा- सुप्रीम कोर्ट जाएगी सरकार**

जस्टिस अनिल किलोर और जस्टिस श्याम चांडक की स्पेशल बेंच ने कहा कि अभियोजन पक्ष अपराध में इस्तेमाल किए गए बमों के प्रकार को भी रिकॉर्ड में लाने में विफल रहा और जिन सबूतों पर उसने भरोसा किया है। वे आरोपियों को दोषी ठहराने के लिए निर्णायक नहीं हैं। कोर्ट के इस फैसले पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार मुंबई ट्रेन विस्फोट के सभी 12 आरोपियों को बरी करने के हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख करेगी। इससे पहले पत्रकारों से बातचीत में बीजेपी के वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार सभी आरोपियों को बरी करने के हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने से पहले मामले के गुण-दोष का आकलन करेगी। उससे पहले हम फैसले के गुण-दोष और बरी किए जाने के कारणों जैसे पहलुओं पर चर्चा करेंगे।

## महाराष्ट्र : कल्याण में रिफंड को लेकर विवाद... शख्स दुकानदार को धमकाता हुआ दिखाई दे रहा है




**कल्याण :** महाराष्ट्र के कल्याण में रिफंड को लेकर हुए विवाद के बाद एक शख्स दुकानदार को धमकाता हुआ दिखाई दे रहा है, जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह घटना दुकान के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि विवाद बढ़ने पर शख्स चाकू से लहंगा और ब्लाउज काट देता है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद आरोपी सुमित सयानी को गिरफ्तार कर लिया गया। रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना कल्याण के एक मशहूर गारमेंट शोरूम में हुई, जब 32,000 रुपये के लहंगे के रिफंड विवाद पर गुस्साए शख्स ने कथित तौर पर चाकू लहराया, लहंगा फाड़ दिया और दुकानदार पर हमला करने की धमकी दी, क्योंकि उसने रिफंड देने से इनकार कर दिया और उससे उतनी ही कीमत का दूसरा लहंगा लेने को कहा।

# सरकार के 4 मंत्री हनी ट्रैप में फंसे, मास्टरमाइंड CM के साथ! संजय राउत का आरोप...




**मुंबई :** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी के नेता और सांसद संजय राउत ने सनसनीखेज दावा किया है, ''मौजूदा सरकार महाराष्ट्र को कलंकित कर रही है और इसके 4 मंत्री हनी ट्रैप में फंस गए हैं।'' राउत ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ हनी ट्रैप के मास्टरमाइंड की तस्वीर दिखाते हुए गंभीर आरोप लगाया कि इसी हनी ट्रैप का इस्तेमाल महा विकास अघाड़ी सरकार को गिराने के लिए किया गया था। संजय राउत ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में शिंदे-फडणवीस सरकार पर चौतरफा हमला बोला। उन्होंने राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था, मंत्रियों के व्यवहार और हनी ट्रैप की राजनीति की कड़ी आलोचना की। राउत ने प्रफुल लोढ़ा नाम के एक व्यक्ति का ज़िक्र करते हुए दावा किया कि वही इस हनी ट्रैप का मास्टरमाइंड है। राउत ने एक पोस्ट के जरिए चुनौती दी, ''इस प्रफुल लोढ़ा की मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ तस्वीरें हैं। सुराग जामनेर, जलगांव से दिल्ली तक पहुमच गए हैं। फडणवीस लोढ़ा की पेन ड्राइव ढूंढकर दिखाएं, उसमें भाजपा के दो मंत्री भी मिलेंगे।''

**हमारे सांसद भी हनी ट्रैप में फंसे**

राउत ने दोहराया कि महा विकास अघाड़ी से अलग हुए सांसदों पर भी हनी ट्रैप का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने कहा, ''जिन सांसदों को पकड़ा गया, उनमें ईडी और सीबीआई के साथ 4 सांसद भी हनी ट्रैप में फंसे है। उन्हें सीडी दिखाकर ब्लैकमेल किया गया और फिर पार्टी में लाकर उनका शुद्धिकरण किया गया।''

# मेडिकल कॉलेजों में भविष्य में प्रोफेसरों की सभी नियुक्ति... कानूनी बाधा



**मुंबई :** बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) प्रशासन द्वारा अपने चार मेडिकल कॉलेजों में भविष्य में प्रोफेसरों की सभी नियुक्तियों के लिए व्यापक अनुमति की माँग को राज्य सरकार के विधि विभाग से एक बाधा का सामना करना पड़ा है। बीएमसी द्वारा अपने मेडिकल कॉलेजों में 700 से अधिक शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति के प्रस्ताव को राज्य शहरी विकास विभाग ने मंजूरी दे दी है, हालाँकि कानूनी बाधा के कारण अभी तक विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया गया है।

बीएमसी द्वारा संचालित मेडिकल कॉलेजों में शिक्षण कर्मचारियों (प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर और व्याख्याता जो शिक्षण अस्पतालों में डॉक्टर के रूप में भी काम करते हैं) के लगभग 829 पद हैं, हालाँकि केवल लगभग 200 पूर्णकालिक कर्मचारी हैं जबकि लगभग 350 संविदा कर्मचारी हैं। शेष पद रिक्त हैं, जिससे मौजूदा कर्मचारियों पर काम का अत्यधिक बोझ बढ़ रहा है। ''शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया लंबी है। बीएमसी ने विज्ञापन प्रकाशित करने और प्रोफेसरों की नियुक्तियों के लिए यूडी विभाग से व्यापक अनुमति मांगी थी, जो सभी मानदंडों का पालन करते हुए की जाएगी। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे (जो यूडी मंत्रालय के प्रमुख हैं) ने अपनी मंजूरी दे दी है, हालांकि, सरकारी प्रस्ताव प्रकाशित नहीं किया गया है क्योंकि कानूनी विभाग निगम को व्यापक अनुमति देने में हिचकिचा रहा है,'' नियुक्तियों से अवगत एक वरिष्ठ बीएमसी अधिकारी ने कहा।

## संपादकीय...



**फैसल शेख**
(प्रधान संपादक)

## शिक्षा संस्थानों में संभावनाओं की मौत!

देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में हाल के दिनों में कई चिंताजनक घटनाएं सामने आई हैं। पहले जहां छात्रों द्वारा आत्महत्या के मामले चर्चा में थे, वहीं अब छात्राओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं। गत दिनों ओडिशा के बालासोर में एक छात्रा ने यौन उत्पीड़न की शिकायत के बाद आत्मदाह कर लिया। बेंगलुरु में दो शिक्षकों ने एक छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। आइआइएम, कोलकाता में भी एक मनोविज्ञानी महिला परामर्शदाता के साथ इसी तरह की घटना हुई। नोएडा के शारदा विश्वविद्यालय में दंत चिकित्सा की एक छात्रा ने छात्रावास में आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले उसने एक पत्र लिखा, जिसमें विश्वविद्यालय के डीन और कुछ प्राध्यापकों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया। इस मामले में पुलिस ने दो प्राध्यापकों को गिरफ्तार किया है और कुछ को निलंबित किया गया है। ये घटनाएं उच्च शिक्षा परिदृश्य को शर्मसार करने वाली हैं।

यह चिंता की बात है कि भारत सरकार देश में विदेशी विश्वविद्यालयों के कैंपस खोलने की अनुमति दे रही है। यदि हम विदेशी शिक्षा पद्धति और संस्थानों को प्राथमिकता देंगे, तो हमारे छात्र और अभिभावक अपने देश के संस्थानों को कमतर मानने लगेंगे। होना तो यह चाहिए कि सरकार देश के शिक्षण संस्थानों में ही बुनियादी सुधार करती। वैसे भी विदेश में पढ़ाई के बढ़ते चलन के चलते प्रतिभाओं के पलायन का बड़ा संकट खड़ा हो रहा है। ऊपर से शिक्षकों द्वारा दुष्कर्म और प्रताड़ना के बढ़ते मामले इस समस्या को और गंभीर ही बनाएंगे।

ये घटनाएं बताती हैं कि हमारे कुछ शिक्षक छात्रों में उम्मीदों की उड़ान पैदा करने के बजाय निराशा, कुंठा और अवसाद पैदा कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का ऐसे शिक्षकों पर कोई सकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा है, अन्यथा शिक्षण संस्थानों में ऐसी शर्मनाक घटनाएं नहीं होतीं। शिक्षा के जरिये विद्यार्थी उपलब्धि के शिखर पर पहुंचने की आकांक्षा रखते हैं। यदि शिक्षण संस्थानों में ही यह संभावना दम तोड़ने लगे तो यह शिक्षा का अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण पहलू माना जाएगा। ज्ञान की महत्ता ने इस भ्रम को तोड़ दिया है कि शिक्षा केवल कुछ वर्गों का अधिकार है। भारतीय मनीषियों ने हजारों साल पहले ज्ञान की इस शक्ति को पहचाना था। 21वीं सदी को ज्ञान की सदी कहा गया है। आज दुनिया शिक्षा और अनुसंधान के माध्यम से एक ऐसे तकनीकी संसार का निर्माण कर रही है, जिसमें सुविधाएं हर किसी की मुट्ठी में हैं। अब तो मनुष्य अंतरिक्ष में बसने-बसाने की संभावनाएं तलाश रहा है। शिक्षा के माध्यम से गरीब और वंचित वर्ग के लिए सरकारी और निजी क्षेत्रों में अनेक अवसर उपलब्ध हुए हैं।

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok




# ठाणे में डेंगू-मलेरिया का प्रकोप बढ़ा

## 15 दिन में 146 मरीज स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर...

**ठाणे। मानसून की रफ्तार के साथ साथ ठाणे शहर में डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का प्रकोप भी तेजी से फैल रहा है। बीते 15 दिनों के भीतर डेंगू के 88 और मलेरिया के 58 मरीज सामने आए हैं। यही नहीं, हैजा, पीलिया, टाइफाइड, लेप्टोस्पायरोसिस और स्वाइन फ्लू जैसे अन्य संक्रमणों में भी वृद्धि हुई है।**




तेजी से फैल रहे इन रोगों की वजह से शहर के निजी अस्पतालों में बेड की कमी महसूस की जा रही है, जिससे मरीजों को इलाज में परेशानी हो रही है। बता दें कि ठाणे सिविल अस्पताल के आंकड़ों के अनुसार, जून महीने में मलेरिया के 185 और डेंगू के 143 मरीज दर्ज किए गए थे। वहीं जुलाई के पहले 16 दिनों में मलेरिया के 115 और डेंगू के 84 नए मरीज सामने आ चुके हैं। वायरल बुखार के भी जून में 269 और जुलाई में अब तक 221 मरीज मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, लगातार बढ़ते मामलों को देखते हुए ठाणे महानगरपालिका ने तत्काल कार्रवाई कार्रवाई शुरू कर दी है। शहर में फिलहाल 33 स्वास्थ्य केंद्र 6 प्रसूति गृह और 1 प्रमुख अस्पताल छत्रपती शिवाजी महाराज अस्पताल बीमारी नियंत्रण में जुटे हुए हैं। साथ ही ठाणे मनपा ने 250 कर्मियों की विशेष टीम गठित की है, जो रोजाना विभिन्न सोसायटियों का निरीक्षण कर रही है। इन टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि जहां भी पानी जमा हो रहा हो, वहां तत्काल कार्रवाई की जाए। निर्माण स्थलों पर काम करने वाले डेवलपर्स को भी चेताया गया है कि वे पानी जमा न होने दें, क्योंकि यही मच्छरों के पनपने का प्रमुख कारण बनता है। वरिष्ठ आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. उदय कुलकर्णी ने सुझाव दिया है कि मानसून में हल्का, सुपाच्य और गर्म खाना खाएं, मूंग दाल, सूप, दही और हल्दी का सेवन करें। इसके साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए तुलसी और गुडुची का काढ़ा नियमित रूप से पीना चाहिए। मच्छरों से बचाव के लिए नीम के पत्ते जलाने की सलाह भी दी गई है। स्वास्थ्य अधिकारी प्रसाद पाटिल ने बताया कि मलेरिया और डेंगू की स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है।

## खदान में डूबने से युवक की मौत!

### पिकनिक मनाने गए छह दोस्तों में से एक की गई जान...



**भिवंडी :** भिवंडी के लामाज ग्राम पंचायत क्षेत्र में एक पत्थर की खदान में नहाने के दौरान 22 वर्षीय युवक की डूबकर मौत हो गई। मृतक युवक अपने पांच दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गया था। हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शहर के छह युवक लामाज गांव के पास स्थित एक परित्यक्त पत्थर की खदान में पिकनिक मनाने और तैरने गए थे। बारिश के कारण खदान में पानी भर चुका था और वह तालाब जैसा दिख रहा था।

जब युवक पानी में नहाने के लिए उतरे, तो गहराई का सही अंदाजा न लग पाने के कारण शफीक नाम का युवक डूबने लगा। उसके एक साथी ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन वह असफल रहा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल विभाग और स्थानीय ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर बचाव अभियान शुरू किया। करीब छह घंटे तक चले तलाशी अभियान के बाद रात लगभग 12 बजे शफीक का शव पानी से बाहर निकाला गया। भिवंडी तालुका पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि भिवंडी और उसके आस-पास के क्षेत्रों में दर्जनों परित्यक्त पत्थर खदानें हैं। पत्थर निकालने के बाद बने गड्ढों में बरसात के दौरान पानी भर जाता है, जिससे वे कृत्रिम तालाब बन जाते हैं। सुरक्षा उपायों की भारी कमी के कारण इन स्थानों पर हर वर्ष डूबने की घटनाएं होती रहती हैं।

## ठाणे में मेट्रो 4 का काम रफ्तार पर...

### कापुरबावड़ी जंक्शन पर 48 मीटर का स्टील स्पैन किया गया स्थापित

**ठाणे :** मुंबई मेट्रो 4 परियोजना को लेकर एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार कर लिया गया है। वडाला से कासारवडवली तक प्रस्तावित इस 32.3 किलोमीटर लंबे मेट्रो कॉरिडोर के तहत ठाणे के कापुरबावड़ी जंक्शन पर बीती रात 48 मीटर लंबे स्टील स्पैन का सफलतापूर्वक इंस्टॉलेशन किया गया। यह निर्माण तकनीकी रूप से बेहद चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि घोड़बंदर रोड जैसे व्यस्त मार्ग पर ट्रैफिक को बिना बाधित किए यह कार्य संपन्न किया गया। बता दें कि मेट्रो 4 परियोजना की कुल प्रगति अब तक लगभग 84% तक पहुँच चुकी है। माझीवाडा से कासारवडवली तक के सेक्शन में आवश्यक सभी स्टील स्पैन अब स्थापित हो चुके हैं। खास बात यह है कि इस रूट पर संचालन के लिए अब तक कोई स्थायी डिपो नहीं बना है। ऐसे में शुरूआती मेट्रो ट्रायल रन के लिए मेट्रो लाइन 2इ के मंडाले डिपो से अस्थायी रूप से मेट्रो रेक लाए जाएंगे। मुंबई महानगर क्षेत्र विकास



प्राधिकरण (MMRDA) के अनुसार, मेट्रो 4 का कार्य निर्धारित समय के भीतर पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। परियोजना की अनुमानित लागत 14,500 करोड़ से अधिक है और इसे पूरी तरह एलिवेटेड बनाया जा रहा है, जिसमें कुल 32 स्टेशन प्रस्तावित हैं। वडाला, घाटकोपर, मुलुंड और ठाणे को जोड़ने वाली यह मेट्रो लाइन आने वाले वर्षों में लाखों यात्रियों को एक नया और तेज विकल्प देगी।

वर्तमान गति को देखते हुए उम्मीद की जा रही है कि 2025 के अंत तक ट्रायल रन शुरू हो सकता है और 2026 में इसका संचालन जनता के लिए शुरू हो जाएगा। मेट्रो 4 ठाणे और मुंबई के बीच बढ़ते यातायात दबाव को कम करने में एक क्रांतिकारी कदम साबित होगी।

## एयर इंडिया के एक वरिष्ठ पायलट ऑनलाइन निवेश घोटाले का शिकार...

### ₹3.16 करोड़ से ज्यादा का चूना




**मुंबई :** एयर इंडिया के एक वरिष्ठ पायलट एक जटिल ऑनलाइन निवेश घोटाले का शिकार हो गए हैं, जिसमें शेयर बाजार में निवेश के जरिए ज्यादा रिटर्न कमाने के बहाने उन्हें ₹3.16 करोड़ से ज्यादा का चूना लग गया। अंधेरी निवासी और एयर इंडिया के पायलट फ्रेडी फिरोज दारूवाला (56) ने पश्चिम साइबर क्षेत्र पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है कि उन्हें शेयर ट्रेडिंग के फर्जी सुझावों और एक नकली निवेश प्लेटफॉर्म के झांसे में लेकर ठगा गया है। दारूवाला को एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया था जहाँ उन्हें नियमित रूप से निवेश के सुझाव भेजे जाते थे, जिससे उनका विश्वास जीतने में मदद मिली। बाद में उसे ह्यएसएमसीह्र नाम का एक फर्जी ऐप डाउनलोड करने को कहा गया, जिसके जरिए उसे आईपीओ और शेयरों में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# बीमा अस्पतालों की हालत दयनीय...
## डॉक्टरों के सैकड़ों पद रिक्त

**मुंबई :** स्वास्थ्य विभाग के उच्च पदस्थ अधिकारियों के अनुसार महाराष्ट्र के राज्य कर्मचारी बीमा योजना (ईएसआईसी) अस्पताल बदहाल हैं और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया इन अस्पतालों की स्थिति सुधारने के लिए केवल वादे करने के अलावा कोई ठोस मदद नहीं कर रहे हैं। हाल ही में, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश अबितकर ने दिल्ली जाकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मंडाविया को राज्य के बीमा अस्पतालों की स्थिति से अवगत कराया और उन्हें अस्पतालों की स्थिति देखने के लिए आमंत्रित



किया। राज्य में कर्मचारी बीमा सोसाइटी के पंद्रह अस्पताल हैं और योजना से संबद्ध 450 निजी अस्पतालों और 134 सेवा क्लीनिकों के माध्यम से श्रमिकों और आम नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

48 लाख 70 हजार 460 बीमित श्रमिक वर्तमान में, राज्य में 48 लाख 70 हजार 460 बीमित श्रमिक हैं और श्रमिकों और उनके परिवारों को मिलाकर लगभग दो करोड़ नागरिक बीमा योजना से लाभान्वित होते हैं। जबकि राज्य में दो करोड़ श्रमिक और उनके परिवार बीमा अस्पतालों से जुड़े हैं, 2024-25 में, राज्य में श्रमिक बीमा योजना के 15 अस्पतालों में केवल 15 लाख 85 हजार 677 रोगियों ने बाह्य रोगी विभाग में उपचार प्राप्त किया

और 1 लाख 67 हजार 410 रोगियों को भर्ती कर उपचार दिया गया। 15 अस्पतालों में केवल 16 हजार 800 छोटी और बड़ी सर्जरी की गईं। वहां के डॉक्टरों के अनुसार, अस्पतालों में 36.84 प्रतिशत बिस्तर ही रोगियों के लिए उपयोग किए जा रहे हैं। यह एक बहुत ही गंभीर मामला है और बीमा योजना के वरिष्ठ डॉक्टरों का कहना है कि यह स्थिति पिछले कई वर्षों से चली आ रही है। अधिकांश अस्पतालों की स्थिति दयनीय है और बड़ी संख्या में डॉक्टरों के पद रिक्त होने के कारण, श्रमिक और उनके परिवार इलाज के लिए बीमा योजना के अस्पतालों में आने को तैयार नहीं हैं।

# मुंबई : क्यूआर कोड की अदला-बदली, सब्जी विक्रेताओं के साथ ठगी!


**मुंबई :** ग्राहक दुकान के बाहर लगे क्यूआर कोड को स्कैन करके भुगतान करते हैं। ग्राहक 5-10 रुपए से भी कम में भुगतान कर देते हैं। इससे लेन-देन आसान हो गया है। लेकिन एक युवक ने उसी क्यूआर कोड का आदान-प्रदान करके ठगी करने की कोशिश की। खार पुलिस ने इस मामले में युवक को गिरफ्तार कर लिया है। खार रेलवे स्टेशन के पास सब्जी गली में कई छोटे-बड़े सब्जी विक्रेता अपना कारोबार करते हैं। विक्रेताओं ने दुकान के बाहर क्यूआर कोड स्टिकर चिपका रखे हैं। सब्जी खरीदने वाले ग्राहक इन्हें स्कैन करके भुगतान करते हैं। यह पैसा सीधे बैंक खाते में जमा हो जाता है। यह पिछले कुछ सालों से हो रहा है। दिनेश गुप्ता यहाँ सब्जी बेचने का व्यवसाय करते



हैं। पिछले कुछ दिनों से उनके खाते में पैसे आना बंद हो गए थे। सब्जी खरीदने के बाद ग्राहक क्यूआर कोड स्कैन करके भुगतान करते थे। लेकिन उन्होंने देखा कि पैसे खाते में नहीं आ रहे थे। यह लगभग एक महीने से चल रहा था। गुप्ता ने आस-पास के विक्रेताओं से पूछताछ की। उन्होंने भी कहा कि पैसे नहीं आ रहे हैं। उन्हें लगा कि कोई तकनीकी समस्या होगी। इसके बाद जब उन्होंने क्यूआर कोड स्कैन किया तो गुप्ता की जगह दुबे नाम आया।

# फर्जी शेयर ट्रेडिंग स्कीम के तहत 4.21 करोड़ की ठगी!

**मुंबई :** पेडर रोड निवासी 57 वर्षीय व्यवसायी से कथित तौर पर एक प्रतिष्ठित निवेश फर्म के अधिकारी बनकर फर्जी शेयर ट्रेडिंग स्कीम के तहत 4.21 करोड़ रुपये ठगे गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, भवन निर्माण ठेकेदारी का व्यवसाय चलाने वाले शिकायतकर्ता को 16 मई को एक भ्रामक इंस्टाग्राम विज्ञापन के जरिए निशाना बनाया गया. विज्ञापन में शेयर निवेश पर उच्च रिटर्न का वादा किया गया था और उसे सरोज गुप्ता नाम के एक व्हाट्सएप संपर्क के लिए निर्देशित किया गया था। इसके बाद उसे रइक्ऊअढ सिक्योरिटीज



VIP (G2) नामक एक ग्रुप में जोड़ दिया गया, जिसका प्रबंधन एसबीआई कैप्स सिक्योरिटीज के अधिकारी बनकर काम करने वाले व्यक्तियों द्वारा किया जा रहा था। शिकायतकर्ता के एक कर्मचारी, जोर इस घोटाले से वाकिफ है, ने कहा, श्समूह ने उन्हें रोजाना स्टॉक टिप्स दिए और एक आधिकारिक ट्रेडिंग पोर्टल जैसे लिंक का इस्तेमाल करके संस्थागत निवेश खाता खोलने के लिए कहा. शुरूआत में, उन्होंने 1 लाख रुपए का निवेश किया, जिसप पर उन्हें दूसरे दिन 10 प्रतिशत या 10,000 रुपए का मुनाफा हुआ। उनका आत्मविश्वास बढ़ा और उन्होंने 20 मई से 8 जुलाई के बीच 4.21 करोड़ रुपये तक का निवेश कर दिया।

# नवी मुंबई निवासियों ने 20 से ज्यादा गंभीर मुद्दे उठाए...

**नवी मुंबई :** नवी मुंबई नगर निगम (एनएमएमसी) के महत्वपूर्ण चुनावों से पहले, निवासियों से उनकी अपेक्षाओं और उन जरूरी मुद्दों को समझने के लिए बातचीत की, जिनका वे राजनेताओं और नगर निगम प्रशासन दोनों से समाधान चाहते हैं। सबसे पहले बेलापुर पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, जहाँ अशांति का माहौल पनप रहा है। वर्षों से चली आ रही नागरिक उपेक्षा, पर्यावरण विनाश और राजनीतिक दिखावे से तंग आकर, निवासियों ने 20 से ज्यादा गंभीर मुद्दे उठाए हैं, जिससे एनएमएमसी की कार्यप्रणाली में गहरी खामियाँ उजागर हुई हैं।

उनकी चिंता का केंद्र पारसिक हिल का धीमा क्षरण है—जो कभी शहर का हरा-भरा मुकुट रत्न हुआ करता था, अब अतिक्रमण और उपेक्षा का एक ज्वलंत उदाहरण है। लेकिन यह सूची यहीं समाप्त नहीं होती—सड़कें, फुटपाथ, स्वच्छता, नशीली दवाओं का दुरुपयोग, अनधिकृत बस्तियाँ और ढहता सार्वजनिक बुनियादी ढाँचा, सभी जाँच के दायरे में आ गए हैं। नागरिक पारसिक हिल को ''धीरे-धीरे मरता हुआ हरा फेफड़ा'' बताते हैं, जो सनसेट पॉइंट संरचना के अधूरे काम से ग्रस्त है। क्षेत्र में खराब रोशनी सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करती है। एक निवासी ने कहा, ''24 फुट ऊँचे खंभे पेड़ों की वजह से अवरुद्ध हैं। पहाड़ी को कम ऊँचाई वाली, बगीचे जैसी रोशनी की जरूरत है।''

# चोरी का मोबाइल बरामद, आरोपी गिरफ्तार...



**कल्याण :** बाजारपेठ पुलिस स्टेशन क्षेत्र के एपीएमसी मार्केट के पास वजन काटा गेट के नजदीक एक संदिग्ध व्यक्ति के घूमने की सूचना पुलिस को मिली थी। जानकारी के आधार पर पुलिस हवलदार प्रेम बागुल, परमेश्वर बाविस्कर, रविंद्र भालेराव और सिपाही सूरज झगी ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्ति को सतर्कता से हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली। जांच के दौरान उसके पास से एक चोरी किया हुआ मोबाइल फोन बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम श्रीकृष्ण आसाराम ताठे (42) बताया, जो दादर पश्चिम स्थित वीर भाई कोतवाल उद्यान क्षेत्र में रहता है, जबकि उसका मूल निवास मलेटकली, पोस्ट ठासला, तालुका शेलू, जिला परभणी है।

# गोरेगांव में प्रेम के अंधे जुनून में पति की हत्या!
## तीन महीने बाद फरार प्रेमी यूपी से गिरफ्तार



**मुंबई :** गोरेगांव के बंजारी पाड़ा इलाके में मार्च में हुए एक सनसनीखेज हत्याकांड में दिंडोशी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पति की हत्या में शामिल फरार पत्नी के प्रेमी शाहरुख खान को तीन महीने बाद उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है।

### हत्या का कारण प्रेम संबंध

मृतक की पहचान चंद्रशेखर चौहान के रूप में हुई थी, जिसकी हत्या सोते समय गला दबाकर की गई थी। इस खौफनाक साजिश को उसकी पत्नी रंजना चौहान उर्फ रंजू ने अपने प्रेमी शाहरुख खान और उसके दो साथियों के साथ मिलकर अंजाम दिया। हत्या का कारण प्रेम संबंध बताया जा रहा है। रंजू शाहरुख से शादी करना चाहती थी और उसके रास्ते में उसका पति सबसे बड़ी बाधा था।

### रंजू और शाहरुख की बात सोशल मीडिया पर हुई

हत्या की शुरूआती जांच में रंजू, मोईनुद्दीन लतीफ खान और शिवदास को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन इस साजिश का मुख्य किरदार शाहरुख खान तब से फरार था। पुलिस की एक विशेष टीम उसकी तलाश में लगी थी और आखिरकार उसे यूपी से गिरफ्तार कर लिया गया। रंजू और शाहरुख की बात सोशल मीडिया पर हुई थी और जल्द ही दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गईं। शाहरुख अक्सर चंद्रशेखर की गैरमौजूदगी में उसके घर आता और उसके बच्चों से भी घुलमिल गया था। दोनों के बीच घंटों फोन पर बातें होती थीं, जो बाद में रंजू के कॉल डिटेल्स के जरिए पुलिस को मिलीं और पूरे मामले का खुलासा हुआ। शादी की चाह में एक महिला ने अपने पति की हत्या कर अपने ही घर को तबाह कर दिया और अब पुलिस की पकड़ में आते ही यह खूनी मोहब्बत पूरी तरह बेनकाब हो चुकी है।

# मुंबई : युवक ने बच्चे को कुत्ते से कटवाया

**मुंबई :** मानखुर्द से इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना सामने आयी है। सोशल मीडिया पर मानखुर्द के पीएमजीपी म्हाडा कॉलोनी से चौंकाने वाला वीडियो वायरल हो रहा है। यहां एक शख्स ने अपने पालतू कुत्ते से मासूम बच्चे को जानबूझकर कटवाया। इस घटना में बच्चा घायल हो गया। वहीं पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मानखुर्द के पीएमजीपी म्हाडा कॉलोनी का यह वीडियो 17 जुलाई रात करीब 10 बजे का बताया जा रहा है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि एक पालतू पिटबुल कुत्ते ने एक नाबालिग बच्चे को काट कर घायल कर दिया। इस मामले में मानखुर्द पुलिस ने कुत्ते के मालिक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धाराओं 291, 125 और 125 (ए) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता का नाबालिग बेटा बिल्डिंग नंबर 91ए के सामने एक खड़े ऑटो रिक्शा में खेल



रहा था। उसी दौरान इलाके का परिचित मोहम्मद सोहेल हसन खान (43) ने जानबूझकर अपने भूरे रंग के पालतू कुत्ते को खुला छोड़ दिया। यही नहीं वह कुत्ते के साथ ऑटो में बैठ जाता है। मासूम बच्चा कुत्ते से डरता है और रोने लगता है। वहीं सोहेल और वीडियो बना रहा शख्स हंसता रहता है और बच्चे का मजाक बनाता है। थोड़ी देर बाद कुत्ता अचानक बच्चे पर हमला कर देता है और ऑटो में बैठा सोहेल उसे देखते रहता है। कुत्ता आक्रामक हो जाता है और बच्चे की ठोड़ी पर काट लेता है। इस हमले से घबराकर बच्चा रो-रो कर कुत्ते से बचाने की गुहार लगाता है।

# अवैध मेडिकल स्टोर पर एफडीए ने मारा छापा, 85,000 की दवाइयां जब्त



**वसई :** वसई में खाद्य एवं औषध प्रशासन (एफडीए) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अस्पताल के एक कमरे में अवैध रूप से चल रहे दवा की दुकान का भंडाफोड़ किया है। एफडीए की टीम ने इस गैरकानूनी मेडिकल स्टोर पर छापा मारा और करीब 85,000 की दवाइयां जब्त कीं। यह अवैध मेडिकल स्टोर एक बारहवीं पास व्यक्ति द्वारा संचालित किया जा रहा था। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह व्यक्ति पिछले 7-8 महीनों से बिना किसी वैध लाइसेंस के दवाइयों की बिक्री कर रहा था। पहले इस व्यक्ति के पास मेडिकल स्टोर का लाइसेंस था, लेकिन बाद में उसने लाइसेंस रद्द करवा दिया था। इसके बावजूद उसने एक अस्पताल में एक कमरा किराए पर लेकर वहीं से दवाओं की अवैध बिक्री शुरू कर दी। एफडीए को जब इस अवैध गतिविधि की जानकारी मिली तो उन्होंने पहले गुप्त जांच की।

# मुंबई : विधायक रोहित पवार, जितेंद्र आव्हाड, 50-60 अज्ञात समर्थकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के विधायक रोहित पवार और जितेंद्र आव्हाड, पार्टी कार्यकर्ता शिर्के और 50-60 अज्ञात समर्थकों के खिलाफ कथित तौर पर सरकारी काम में बाधा डालने, एक पुलिस अधिकारी को धमकाने और आजाद मैदान पुलिस स्टेशन के अंदर निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह शिकायत पीएसआई भागवत मारोतिराव गोपने (41) ने दर्ज कराई है, जो अप्रैल 2022 से आजाद मैदान पुलिस स्टेशन में तैनात हैं। उनकी रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना 18





जुलाई को सुबह लगभग 2:05 बजे हुई, जब रोहित पवार, जितेंद्र आव्हाड और उनके समर्थक पुलिस स्टेशन में घुस आए और एनसीपी समर्थक नितिन देशमुख की गिरफ्तारी को लेकर उनसे भिड़ गए।

गोपने ने कहा कि जब उन्होंने रोहित पवार से इस दौरे का उद्देश्य पूछा, तो पवार ने कथित तौर पर आक्रामक तरीके से जवाब देते हुए कहा, ''अपनी आवाज धीमी करो। चालाकी से काम मत लो। अगर तुम्हें बोलना नहीं आता, तो मत बोलो। यहाँ से चले जाओ।'' पवार ने कथित तौर पर धमकी भरे हावभाव और अपमानजनक भाषा का भी इस्तेमाल किया। इस बीच, शिर्के नाम के एक पार्टी कार्यकर्ता ने कथित तौर पर कहा, ''आप तो बस एक साधारण पुलिस निरीक्षक हैं,'' जिससे अपमान और बढ़ गया। नियमित रात्रि गश्त के दौरान मौजूद कफ परेड पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक सतीश गायकवाड़ द्वारा स्थिति को शांत करने के प्रयासों के बावजूद, समूह पुलिस स्टेशन परिसर के अंदर ''सरकार हमसे डरती है, पुलिस को आगे करती है। मोदी सरकार है, फडणवीस सरकार है'' जैसे नारे लगाता रहा।

# मुंबई : 48 घंटों के लिए मुंबई और उसके उपनगरों में भारी वर्षा और तेज हवाओं का अनुमान



**मुंबई :** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 48 घंटों के लिए मुंबई और उसके उपनगरों में भारी वर्षा और तेज हवाओं का अनुमान लगाया है। शहर में रविवार रात से भारी बारिश हो रही है, जिससे कई सड़कों और निचले इलाकों में जलभराव हो गया है। पीक आवर्स के दौरान वाहनों का आवागमन भी प्रभावित हुआ है। आज के मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, दिन भर आसमान में बादल छाए रहने, रुक-रुक कर मध्यम वर्षा और तापमान 26 डिग्री सेल्सियस से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। पूर्वानुमान में 95% बारिश की संभावना और 78% आर्द्रता का संकेत दिया गया है। हालाँकि, शहर में सुबह से ही भारी से बहुत भारी बारिश हो रही है।

दक्षिण मुंबई, दादर, बांद्रा, अंधेरी में हल्की से मध्यम बारिश जारी है और यह नवी मुंबई, ठाणे और पनवेल तक फैल रही है। अलीबाग के पास अपतटीय मौसम कोशिकाएं देर सुबह तक बूंदाबांदी को बढ़ा सकती हैं पुलिस ने घटनास्थल पर बैरिकेड्स लगा दिए हैं और सड़क को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। एहतियात के तौर पर मौके पर पुलिस की एक टीम तैनात की गई है और पानी उठाने वाले पंपों के साथ लाइफगार्ड भी तैनात किए गए हैं।

# मुंबई : वरिष्ठ नागरिक महिला से फर्जी "डिजिटल गिरफ्तारी" घोटाले के जरिए ₹1.51 करोड़ की ठगी..!



**मुंबई :** दक्षिण साइबर पुलिस क्षेत्र ने एक जटिल साइबर धोखाधड़ी मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जहाँ एक 78 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक महिला से फर्जी ''डिजिटल गिरफ्तारी'' घोटाले के जरिए ₹1.51 करोड़ की ठगी की गई। आरोपियों ने कथित तौर पर मुख्य मास्टरमाइंड, जॉन को बैंक खाते उपलब्ध कराए, जिसकी पहचान दुबई से हो रही है। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान दिवा (ठाणे) निवासी सपन प्रफुल्ल कुमार और रबाले निवासी इमरान और अब्बू बकर के रूप में हुई है। अदालत ने तीनों को 24 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। जाँचकर्ताओं के अनुसार, कुमार ने कई बैंक खाते प्राप्त किए और उन्हें सह-आरोपी इमरान और अब्बू बकर को सौंप दिया, जिनका इस्तेमाल बाद में पीड़िता के पैसे प्राप्त करने के लिए किया गया। भूलाभाई देसाई रोड पर बैंक ऑफ बड़ौदा के पास रहने वाली गृहिणी ज्योति प्रेमानंद बंदोदकर (78) से पहली बार 6 दिसंबर, 2024 को ''डीएचएल कूरियर, दिल्ली से अमित कुमार'' बनकर एक व्यक्ति ने संपर्क किया था। उसने झूठा दावा किया कि उसके नाम से बैंकॉक जा रहा एक संदिग्ध पार्सल विशेष जाँच दल ने रोक लिया है।

## भिवंडी : नकली अमूल बटर बनाने और बेचने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार

**भिवंडी :** शांतिनगर पुलिस ने भिवंडी के खुले बाजार में नकली अमूल बटर बनाने और बेचने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान जीशान मुश्ताक अंसारी (29) और मोहम्मद मुदशीर मोहम्मद अकरम शेख (23) के रूप में हुई है, जो दोनों भिवंडी के मंगल बाजार स्लैब निवासी हैं। पुलिस ने मामले में सेल्समैन संजय सिरसे को भी सह-आरोपी बनाया है। यह घटना 17 और 18 जुलाई के बीच भिवंडी के कासिमपुरा में हुई।

ठाणे खाद्य एवं औषधि प्रशासन की खाद्य अधिकारी शुभांगी कर्णे ने शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस के अनुसार, परिसर से ₹1,13,000 मूल्य का नकली अमूल बटर, पैकेजिंग सामग्री और रसायन जब्त किए गए।

# भायंदर : बकाया रुपयों के कारण ठेकेदार ने तोड़ा शौचालय

**भायंदर :** भायंदर (पश्चिम) स्थित गणेश देवल नगर में कल एक अजीब घटना के कारण परिसर का माहौल गड़बड़ा गया। मिली जानकारी के अनुसार गणेश देवोल नगर में नवनिर्मित शौचालय को सब ठेकेदार द्वारा तोड़ दिया गया। इस ठेकेदार का कहना है कि इस शौचालय को बनाने का काम नितिन भंसाली नामक ठेकेदार ने 1.15 करोड़ रुपए में लिया था। यहां पर नीचे एवं पहली मंजिल को मिला कर कुल 28 शौचालय बनाएं गए थे। नितिन भंसाली से राजेश खड़गकर नामक ठेकेदार ने मजदूरी पर इस शौचालय को बनाने का काम 32 लाख रुपए में लिया था। सब ठेकेदार राजेश ने बताया की मैंने इस शौचालय का पुरा काम कर दिया हैं सिर्फ कलर, पानी की टंकी जैसे छोटे काम बाकी हैं। सब ठेकेदार राजेश का आरोप है की उसको 32 लाख में से सिर्फ 16 लाख रुपए नितिन भंसाली ने दिया हैं। ठेकेदार राजेश ने बताया की इस काम के लिए मैंने ब्याज पर रुपए लाकर इस शौचालय का काम किया था। मेरे द्वारा मुख्य ठेकेदार से बार-बार बकाया रकम मागने पर भी ठेकेदार मेरी बकाया रकम नही दे रहा था।

# मुंबई : आत्महत्या की एक दुखद घटना... 31 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगा ली

**मुंबई :** रविवार शाम करी रोड नाका के पास पिंपलेश्वर कृपा बिल्डिंग में आत्महत्या की एक दुखद घटना सामने आई, जहाँ एक 31 वर्षीय व्यक्ति ने कथित तौर पर अपने घर के पंखे से साड़ी बाँधकर फांसी लगा ली। पुलिस को शाम 5:10 बजे मिली प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, मृतक की पहचान पिंपलेश्वर



कृपा बिल्डिंग के कमरा संख्या 328, तीसरी मंजिल में रहने वाले अनीश दत्ताराम भड़वलकर के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर, पुलिस उपनिरीक्षक शेख और पुलिस निरीक्षक चव्हाण ने घटनास्थल का दौरा किया और पाया कि अनीश ने साड़ी से फांसी लगा ली थी। उसके भाई और दोस्तों ने उसे तुरंत नीचे उतारा और केईएम अस्पताल ले गए, जहाँ आपातकालीन विभाग के डॉक्टरों ने शाम 4:45 बजे उसे मृत घोषित कर दिया।

संपर्क कार्यालय : रोहिरा हाउस फ्लैट नो 8 दूसरा माला पाकीजा बेकरी के सामने कैडल रोड माहिम पश्चिम मुंबई ४०००१६
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com